# एसिक स्थापना दिवस को लेकर बैठक

## ईएसआईसी कार्यालय प्रमुख सुनील ने की अध्यक्षता




*ईएसआईसी बैठक में हिस्सा लेते अधिकारी।*

गुड़गांव, 18 फरवरी (ब्यूरो): ईएसआईसी उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम में 74वें एसिक स्थापना दिवस जो कि 24 फरवरी-2025 को मनाया जाना है। जिसे लेकर विशेष सेवाएं पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत आयोजित होने वाली विशेष गतिविधियों की रूपरेखा को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता खुद कार्यालय प्रमुख सुनील यादव ने की।

कार्यालय प्रमुख ने बताया कि 24 फरवरी से 10 मार्च तक सेमिनार, जागरूकता शिविर, जन स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, स्वास्थ्य संबंधी वार्तालाप, मूलभूत जीवन समर्थन शिक्षा शिविर, स्वच्छता अभियान, ईपीएफओ योजना 'निधि आपके निकट 2.0 के साथ सुविधा समागम का आयोजन होगा। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र में निवारक स्वास्थ्य जांच शिविर/ स्वास्थ्य स्क्रीनिंग शिविर, योग व आयुष शिविर का आयोजन एवं बीमित/ आश्रितों की शिकायतों का निपटान करने के लिए सुविधा समागम का आयोजन करने के लिए विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाली 74वें एसिक स्थापना दिवस समारोह की भी सूचना दी। डॉ. स्वीटी यादव, जनसंपर्क अधिकारी ने विशेष सेवाएं पखवाड़ा-2025 के दौरान आयोजित की जाने गतिविधियों से संबंधित कार्यक्रम की रुपरेखा से सभी को अवगत कराया।

इस अवसर पर सचिन सिंह-उप निदेशक, सन्नी कुशवाहा-उप निदेशक, दीपक शर्मा-उप निदेशक, राजेन्द्र प्रसाद-सहायक निदेशक व रविन्द्र यादव-सहायक निदेशक ने भी चर्चा में भाग लिया।